UTTARAKHAND PUBLIC SERVICE COMMISSION

# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
## हरिद्वार– 249404

संख्या : 302/81/06/डी0आर0/(मा0शि0)/सेवा–1/2023–24 दिनांकः 06 मार्च, 2025

# उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग 'समूह–ग') सेवा (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) परीक्षा–2024 हेतु विज्ञापित पदों का संशोधित विवरण/विस्तृत विज्ञप्ति

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग 'समूह–ग') सेवा (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) परीक्षा–2024 के सापेक्ष सीधी भर्ती के विषयवार/शाखावार रिक्त 613 पदों पर चयन हेतु विज्ञापन संख्या: A-3/S-1/DR(L.I.C)/2024, 18 अक्टूबर, 2024 जारी करते हुए पात्र अभ्यर्थियों से दिनांक 18.10.2024 से दिनांक 07.11.2024 (रिट याचिका संख्या–2073 (एस0/एस0) ऑफ 2024, सुरेन्द्र सिंह व अन्य बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश 07.11.2024 के क्रम में 14.11.2024 तक विस्तारित) तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

**2.** अवगत कराना है कि शासन से प्राप्त अधियाचन के क्रम में प्रश्नगत विज्ञापन में **प्रवक्ता–कला (सामान्य शाखा) के 02 पद विज्ञापित किये गये थे।**

उल्लेखनीय है कि शासन के पत्र संख्याः–276311/XXIV-B-1/2025–17(02)/2008, दिनांक 18 फरवरी, 2025 में उल्लेख किया गया है कि सहायक अध्यापक एल0टी0, कला की भांति प्रवक्ता, कला की शैक्षिक एवं प्रशिक्षण अर्हता में भी पुनः बी0एड0 की अनिवार्यता रखे जाने के सम्बन्ध में नियमावली संशोधन की कार्यवाही गतिमान है, जिसके क्रम में शासन द्वारा प्रेषित अधियाचन के सापेक्ष प्रश्नगत विज्ञापन में विज्ञापित प्रवक्ता–कला के पदों को हटाये जाने का अनुरोध किया गया है।

अतः शासन के उक्त पत्र के क्रम में आयोग कार्यालय द्वारा जारी विज्ञापन संख्याः **: A-3/S-1/DR(L.I.C)/2024,** दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 के माध्यम से **उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग 'समूह–ग') सेवा (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) परीक्षा–2024** के अंतर्गत विज्ञापित 613 पदों में सम्मिलित प्रवक्ता–कला (सामान्य शाखा) के 02 पदों को विज्ञापन से हटाया जाता है।

**3.** प्रश्नगत विज्ञापन के **'अतिमहत्वपूर्ण निर्देश'** के **बिन्दु संख्या–17 (c)** में यह भी उल्लेख किया गया था कि 'उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन के चिन्हित आंदोलनकारियों या उनके आश्रितों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिये जाने के संबंध में उत्तराखण्ड शासन, विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग की अधिसूचना संख्या–244/XXXVI(3)/2024/48(1)/2023, दिनांक 18 अगस्त, 2024 जारी की गई है। प्रश्नगत

विज्ञापित पदों के सापेक्ष उक्त क्षैतिज आरक्षण से आच्छादित होने वाले पदों का विवरण शासन से प्राप्त नहीं हुआ है, जिस हेतु शासन से पृच्छा की गई है।

उक्त क्षैतिज आरक्षण से आच्छादित होने वाले पदों के संबंध में शासन से प्रत्युत्तर प्राप्त होने पर इसकी सूचना विज्ञप्ति के माध्यम से यथासमय आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित की जायेगी।'

उक्त के सम्बन्ध में आयोग द्वारा की गयी पृच्छा एवं शासनादेश सं0: 265665/XXX(2)/2024/ई–33080 दिनांकः 06.01.2025 के प्राविधानों के आलोक में उत्तराखण्ड शासन, माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा पत्र दिनांकः 17 जनवरी, 2025 के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारियों/आश्रितों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण प्रदान किए जाने हेतु क्षैतिज आरक्षण से आच्छादित होने वाले पदों का विषयवार/शाखावार विवरण उपलब्ध कराया गया है, जिसके क्रम में विज्ञप्ति के बिन्दु संख्या–5 में प्रश्नगत परीक्षा हेतु रिक्तियों का संशोधित विवरण अंकित किया गया है, जिसके अंतर्गत उक्त श्रेणी के अभ्यर्थी विज्ञप्ति के बिन्दु संख्या–6 के अनुसार आवेदन कर सकते है।

**4.** प्रश्नगत विज्ञापन में दिव्यांगजन के अग्रेनीत एवं नवीन अवधारित पदों के विवरण से संबंधित नोट में उल्लेख किया गया था कि उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग) सेवा (सामान्य शाखा) परीक्षा–2020 के अंतिम चयन परिणाम में दिव्यांगजन के अग्रेनीत पदों के सापेक्ष दिव्यांगता का श्रेणीवार विवरण उपलब्ध कराये जाने हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया गया है, जिसका प्रत्युत्तर प्राप्त होने पर सूचना पृथक से आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की जायेगी।

उपरोक्त के क्रम में आयोग द्वारा की गयी पृच्छा के सापेक्ष शासन के उक्त पत्र दिनांक 17.01.2025 में उल्लिखित निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्रांक–सेवाएं–2/तीन(क)/7(1)/अधि0/21802/ 2024–25, दिनांक 01.01.2025 द्वारा प्रवक्ता भर्ती परीक्षा–2020 के सापेक्ष दिव्यांगजन के अग्रेनीत (सामान्य शाखा के 95 एवं महिला शाखा के 14) पदों का समेकित रूप में विवरण भी उपलब्ध कराया गया है, जिसका उल्लेख विज्ञप्ति के बिन्दु संख्या–5 में प्रपत्र 3 (1) एवं 3 (2) पर किया गया है।

**5. <u>रिक्तियों का संशोधित विवरण</u> :–** तद्क्रम में उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग 'समूह–ग') सेवा (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) परीक्षा–2024 हेतु रिक्तियों की संशोधित कुल संख्या 611 (सामान्य शाखा–548 पद एवं महिला शाखा–63 पद) है। राज्य सरकार द्वारा रिक्तियों की संख्या घटायी अथवा बढ़ायी जा सकती है।

उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारियों/आश्रितों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण प्रदान किए जाने हेतु क्षैतिज आरक्षण से आच्छादित होने वाले पदों का विषयवार/शाखावार विवरण तथा श्रेणी/उपश्रेणीवार (उर्ध्व/क्षैतिज) आरक्षण का विवरण निम्नवत् है :–

## माध्यमिक शिक्षा विभाग
## विषयवार क्षैतिज आरक्षण का विवरण
## प्रवक्ता संवर्ग – सामान्य शाखा, पदों की संख्या– 548

| क्र0 सं0 | विषय | कुल अधियाचित पदों की संख्या | अनु0जाति | | | | | अनु0जन0जाति | | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | | | | | सामान्य जाति/ अनारक्षित | | | | | दिव्यांग | | स्व0सं0 से0 के आश्रित | भूतपूर्व सैनिक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | अग्रेनीत एवं नवीन अवधारित पद | | | |
| | | | कुल अधियाचित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | कुल अधियाचित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | कुल अधियाचित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | कुल अधियाचित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | कुल अधियाचित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | विषयवार 4 % | पूर्व अग्रेनीत पद एवं नवीन पदों का विवरण | स्व.सं.सेनानी आश्रित 2% | भू0पू0सैनिक 5% |
| 1 | हिन्दी | 69 | **14** | 4 | 1 | 0 | 1 | **3** | 1 | 0 | 0 | 0 | **8** | 2 | 0 | 0 | 0 | **6** | 2 | 0 | 0 | 0 | **38** | 11 | 2 | 1 | 3 | **3** | शासन के पत्र दिनांक दिनांक 17.01.2025 के क्रम में प्रवक्ता भर्ती परीक्षा–2020 में विभिन्न विषयों (सामान्य शाखा) में दिव्यांगजन श्रेणी के अन्तर्गत कुल 95 अग्रेनीत पदों का दिव्यांगता की श्रेणी/उपश्रेणी वार उल्लेख प्रपत्र–3(1) पर अंकित है। | **1** | **3** |
| 2 | अंग्रेजी | 41 | **8** | 2 | 1 | 0 | 0 | **2** | 1 | 0 | 0 | 0 | **5** | 2 | 0 | 0 | 0 | **4** | 1 | 0 | 0 | 0 | **22** | 7 | 1 | 0 | 2 | **2** | | **0** | **2** |
| 3 | संस्कृत | 45 | **8** | 2 | 1 | 0 | 0 | **2** | 1 | 0 | 0 | 0 | **5** | 2 | 0 | 0 | 0 | **4** | 1 | 0 | 0 | 0 | **26** | 8 | 1 | 1 | 2 | **2** | | **0** | **2** |
| 4 | भौतिक शास्त्र | 57 | **11** | 3 | 1 | 0 | 1 | **2** | 1 | 0 | 0 | 0 | **8** | 2 | 0 | 0 | 0 | **5** | 2 | 0 | 0 | 0 | **31** | 9 | 2 | 1 | 3 | **2** | | **1** | **2** |
| 5 | रसायन शास्त्र | 36 | **7** | 2 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **5** | 2 | 0 | 0 | 0 | **3** | 1 | 0 | 0 | 0 | **20** | 6 | 1 | 0 | 2 | **1** | | **0** | **1** |
| 6 | गणित | 24 | **4** | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **3** | 1 | 0 | 0 | 0 | **2** | 1 | 0 | 0 | 0 | **14** | 4 | 1 | 0 | 1 | **1** | | **0** | **1** |
| 7 | जीवविज्ञान | 50 | **8** | 2 | 1 | 0 | 0 | **2** | 1 | 0 | 0 | 0 | **5** | 2 | 0 | 0 | 0 | **5** | 2 | 0 | 0 | 0 | **30** | 9 | 2 | 1 | 3 | **2** | | **1** | **2** |
| 8 | नागरिक शास्त्र | 96 | **19** | 6 | 1 | 0 | 1 | **4** | 1 | 0 | 0 | 0 | **12** | 4 | 1 | 0 | 1 | **9** | 3 | 0 | 0 | 0 | **52** | 16 | 3 | 2 | 5 | **4** | | **1** | **4** |
| 9 | अर्थशास्त्र | 58 | **10** | 3 | 1 | 0 | 1 | **3** | 1 | 0 | 0 | 0 | **8** | 2 | 0 | 0 | 0 | **5** | 2 | 0 | 0 | 0 | **32** | 10 | 2 | 1 | 3 | **2** | | **1** | **2** |
| 10 | इतिहास | 25 | **4** | 1 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **3** | 1 | 0 | 0 | 0 | **2** | 1 | 0 | 0 | 0 | **16** | 5 | 1 | 0 | 1 | **1** | | **0** | **1** |
| 11 | भूगोल | 33 | **6** | 2 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **6** | 2 | 0 | 0 | 0 | **3** | 1 | 0 | 0 | 0 | **17** | 5 | 1 | 0 | 1 | **1** | | **0** | **1** |
| 12 | समाजशास्त्र | 10 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **6** | 2 | 0 | 0 | 0 | **1** | | **0** | **0** |
| 13 | वाणिज्य | 2 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | | **0** | **0** |
| 14 | कृषि शास्त्र | 2 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | | **0** | **0** |
| | **योग** | **548** | **100** | **28** | **7** | 0 | **4** | **21** | **7** | **0** | 0 | 0 | **70** | **23** | **1** | 0 | **1** | **49** | **17** | **0** | 0 | **0** | **308** | **92** | **17** | **7** | **26** | **22** | | **5** | **21** |

# माध्यमिक शिक्षा विभाग

## विषयवार क्षैतिज आरक्षण का विवरण

## प्रवक्ता संवर्ग – महिला शाखा, पदों की संख्या– 63

| क0 सं0 | विषय | कुल अधियाचित पदों की संख्या | अनु0जाति | | | | | अनु0जन0जाति | | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | | | | | सामान्य जाति/ अनारक्षित | | | | | दिव्यांग | | स्व0सं0 से0 के आश्रित | भूतपूर्व सैनिक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल अधियाचित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | कुल अधियाचित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | कुल अधियाचित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | कुल अधियाचित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | कुल अधियाचित पद | उ0 महिला 30% | उ0अनाथ बच्चे 5% | कुशल खिलाड़ी 4% | उ0 आन्दोलनकारी/ आश्रित 10% | अग्रेनीत एवं नवीन अवधारित पद | | स्व.स.सेनानी आश्रित 2% | भू0पू0सैनिक 5% |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | विषयवार 4 % | पूर्व अग्रेनीत पद एवं नवीन पदों का विवरण | | |
| 1 | हिन्दी | **2** | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | शासन के पत्र दिनांक दिनांक 17. 01.2025 के क्रम में प्रवक्ता भर्ती प्रवक्ता भर्ती परीक्षा–2020 में विभिन्न विषयों (महिला शाखा) में दिव्यांगजन श्रेणी के अन्तर्गत कुल 14 अग्रेनीत पदों का दिव्यांगता की श्रेणीवार उल्लेख प्रपत्र–3(2) पर अंकित है। | **0** | **0** |
| 2 | अंग्रेजी | **13** | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **11** | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | | **0** | **0** |
| 3 | भौतिक शास्त्र | **7** | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **6** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | **0** | **0** |
| 4 | रसायन शास्त्र | **2** | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | **0** | **0** |
| 5 | गणित | **5** | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **4** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | **0** | **0** |
| 6 | जीवविज्ञान | **2** | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | **0** | **0** |
| 7 | नागरिक शास्त्र | **5** | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **5** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | **0** | **0** |
| 8 | अर्थशास्त्र | **11** | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **9** | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | | **0** | **0** |
| 09 | इतिहास | **2** | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | **0** | **0** |
| 10 | भूगोल | **7** | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **6** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | **0** | **0** |
| 11 | गृह विज्ञान | **7** | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 0 | 0 | **6** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | **0** | **0** |
| | **योग** | **63** | **3** | **0** | **0** | 0 | 0 | **0** | **0** | **0** | 0 | 0 | **4** | 0 | **0** | 0 | 0 | **2** | **0** | **0** | 0 | 0 | **54** | 0 | **0** | 0 | **1** | **2** | | **0** | **0** |

# <u>प्रपत्र–3 (1)</u>

प्रवक्ता संवर्ग – सामान्य शाखा

<u>दिव्यांगजन के अग्रेनीत 95 पदों का विवरण</u>

| क्र0 सं0 | विषय | उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग) सेवा (सामान्य शाखा) परीक्षा–2020 के अंतिम चयन परिणाम में दिव्यांगजन के अग्रेनीत पद | समाज कल्याण के शा0सं0–48 दि0 5 जून 23 एवं शा0सं0–03 दि0 6–2–24 के अनुसार श्रेणीवार विभाजन | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | (क) | (ख) | (ग) | (घ) पद चिन्हित नहीं | (ङ) | |
| 1 | हिन्दी | 3 | 02 | – | – | – | 01 | 03 |
| 2 | अंग्रेजी | 10 | 08 | – | – | – | 02 | 10 |
| 3 | संस्कृत | 2 | – | – | 01 | – | 01 | 02 |
| 4 | भौतिक शास्त्र | 17 | – | 10 | 03 | – | 04 | 17 |
| 5 | रसायन शास्त्र | 15 | – | 10 | 01 | – | 04 | 15 |
| 6 | गणित | 15 | – | 08 | 04 | – | 03 | 15 |
| 7 | जीवविज्ञान | 14 | – | 07 | 04 | – | 03 | 14 |
| 8 | नागरिक शास्त्र | 5 | 03 | – | – | – | 02 | 05 |
| 9 | अर्थशास्त्र | 4 | 01 | 01 | – | – | 02 | 04 |
| 10 | इतिहास | 2 | 02 | – | – | – | – | 02 |
| 11 | भूगोल | 5 | 02 | 03 | – | – | – | 05 |
| 12 | समाजशास्त्र | 3 | 03 | – | – | – | – | 03 |
| 13 | वाणिज्य | 0 | – | – | – | – | – | – |
| 14 | कृषि शास्त्र | 0 | – | – | – | – | – | – |
| | योग | **95** | 21 | 39 | 13 | – | 22 | 95 |

# प्रपत्र–3 (2)

## प्रवक्ता संवर्ग – महिला शाखा
## दिव्यांगजन के अग्रेनीत 14 पदों का विवरण

| क0 सं0 | विषय | उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग) सेवा (सामान्य शाखा) परीक्षा–2020 के अंतिम चयन परिणाम में दिव्यांगजन के अग्रेनीत पद | समाज कल्याण के शा0सं0–48 दि0 5 जून 23 एवं शा0सं0–03 दि0 6–2–24 के अनुसार श्रेणीवार विभाजन | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | (क) | (ख) | (ग) | (घ) पद चिन्हित नहीं | (ड़) | |
| 1 | हिन्दी | **2** | 02 | – | – | – | – | 02 |
| 2 | अंग्रेजी | **1** | 01 | – | – | – | – | 01 |
| 3 | भौतिक शास्त्र | **2** | – | 01 | 01 | – | – | 02 |
| 4 | रसायन शास्त्र | **2** | – | 01 | 01 | – | – | 02 |
| 5 | गणित | **2** | – | – | 01 | – | 01 | 02 |
| 6 | जीवविज्ञान | **2** | – | 01 | – | – | 01 | 02 |
| 7 | नागरिक शास्त्र | **0** | – | – | – | – | – | 00 |
| 8 | अर्थशास्त्र | **2** | 01 | 01 | – | – | – | 02 |
| 9 | इतिहास | **0** | – | – | – | – | – | 00 |
| 10 | भूगोल | **1** | – | 01 | – | – | – | 01 |
| 11 | गृह विज्ञान | **0** | – | – | – | – | – | 00 |
| | **योग** | **14** | **04** | **05** | **03** | **–** | **02** | **14** |

**नोटः– समाज कल्याण के शा0सं0–48 दि0 5 जून 23 एवं शा0सं0–03 दि0 6–2–24 के क्रम में दिव्यांगजन के लिए आरक्षित पदों हेतु अंकित की गयी उक्त श्रेणी 'क', 'ख', 'ग', 'घ' एवं ड़ के सापेक्ष दिव्यांगता की चिह्नांकित उपश्रेणियों के अंकन हेतु उक्त शासनादेशों को आयोग की वेबसाइट पर अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ प्रकाशित किया गया है। दिव्यांग अभ्यर्थियों द्वारा उक्त शासनादेशों का अवलोकन करना आवश्यक है।**

**6.** शासन द्वारा उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग 'समूह–ग') सेवा (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) परीक्षा–2024 हेतु विज्ञापित पदों के सापेक्ष उपलब्ध कराये गये विषयवार/शाखावार एवं श्रेणी/उपश्रेणीवार रिक्तियों के संशोधित विवरण के क्रम में निम्नवत् अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने/पूर्व में किये गये ऑनलाइन आवेदन में **उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के चिन्हित आन्दोलनकारी व उनके आश्रित का विकल्प प्रस्तुत करने हेतु** आयोग कार्यालय की वेबसाइट psc.uk.gov.in पर लिंक उपलब्ध कराया गया हैः–

1. **केवल ऐसे समस्त पात्र ''उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के चिन्हित आन्दोलनकारी व उनके आश्रित'' अभ्यर्थी जो प्रश्नगत विज्ञापन में विज्ञापित पदों के सापेक्ष उक्त उपश्रेणी के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करना चाहते हैं।**

**अथवा**

2. **केवल ऐसे समस्त अभ्यर्थी जिनके द्वारा प्रश्नगत विज्ञापन के सापेक्ष पूर्व में ऑनलाइन आवेदन किया गया है किन्तु आवेदन पत्र में उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी व उनके आश्रित उप श्रेणी का दावा नहीं किया गया है तथा उक्त अभ्यर्थी उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी व उनके आश्रित उप श्रेणी का दावा करना चाहते हैं।**

**उपरोक्त बिन्दु–1 एवं 2 में उल्लिखित अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन किये जाने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण तिथियां निम्नवत् हैं:–**

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि** | **: 06 मार्च, 2025** |
| **ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि** | **: 12 मार्च, 2025 (रात्रि 11:59:59 बजे तक)** |
| **आवेदन शुल्क– Net Banking/Debit Card/Credit Card/ UPI द्वारा जमा करने की अन्तिम तिथि** | **: 12 मार्च, 2025 (रात्रि 11:59:59 बजे तक)** |

**7.** <u>ऑनलाइन आवेदन किये जाने हेतु प्रक्रिया (Procedure to apply online) :–</u>

***1.** उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी व उनके आश्रित उपश्रेणी के अंतर्गत् आवेदन करने वाले नये अभ्यर्थियों हेतु दिशा–निर्देशः–*

(i) अभ्यर्थी विज्ञापन का सम्यक रूप से अवलोकन करने हेतु आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** या **ukpsc.net.in** पर जायें।

(ii) विज्ञापन का अवलोकन करने के पश्चात **ukpsc.net.in** पर जाकर **Menu bar** में **How to Apply** लिंक पर क्लिक करें। **How to Apply** पेज पर **Advertisement Details, Important Dates** एवं **Instructions for filling up online application form** का अवलोकन करने के पश्चात **Apply Now** बटन पर क्लिक करें।

(iii) **Apply Now** पर क्लिक करने के पश्चात् खुले **Registration** फॉर्म पर वांछित, अपनी सही जानकारी भरकर **Login** हेतु **Password** बनाकर **Submit** पर क्लिक करें। **Submit** पर क्लिक करने के पश्चात फॉर्म पर भरी जानकारी **Basic Information** प्रदर्शित होगी। भरी हुई जानकारी का पुनः सम्यक परीक्षण कर लें। यदि भरी हुई जानकारी सही है तो **I have verified all the details entered by me in the registration form and wish to submit the same** पर **Tick** कर **Submit** पर क्लिक करें, अन्यथा **No, I want to change some details** पर **Tick** कर **Edit** पर क्लिक करें एवं संशोधित **detail** भरने के पश्चात् पुनः **Registration** फार्म **Submit** करने की प्रक्रिया पूर्ण करें।

(iv) **Submit** पर क्लिक करने के पश्चात स्क्रीन पर **Primary Registration** पूर्ण होने की जानकारी प्रदर्शित होगी एवं **Registered Mobile Number** एवं **Email** पर **Message** प्राप्त होगा। तत्पश्चात् स्क्रीन पर **Click here to login** के बटन पर क्लिक करें।

(v) **Login** करने के पश्चात **Educational Details** पेज प्रदर्शित होगा। अभ्यर्थी धारित शैक्षिक अर्हता के आधार पर एक या एक से अधिक पदों का चुनाव कर सकता है। अभ्यर्थी अपने शैक्षिक विवरण के अनुसार फॉर्म पर **Educational Qualifications** के अन्तर्गत सर्वप्रथम **High School** का विवरण भरें एवं **Add Education Details** पर क्लिक करें, भरा गया विवरण **Add Education Detail** के नीचे ग्रिड में प्रदर्शित होगा। गलत **Educational** विवरण भरने की स्थिति में ग्रिड में **Edit/Delete** के **Icon** पर क्लिक कर **Edit** अथवा **Delete** किया जा सकता है। इसी प्रकार **Intermediate, Graduate** व अन्य शैक्षिक अर्हताएं भरें। फॉर्म पर अन्य विवरण भर कर **Continue** पर क्लिक करें। उसके पश्चात **Photo & Signature to Upload** टैब पर **Photo, Signature** को प्रदर्शित सूचना के आधार पर अपलोड करें। **Photo, Signature** को **re-upload** करने के लिए **I want to upload photo and signature Checkbox** पर क्लिक कर पुन **Photo, Signature** अपलोड किये जा सकते है।

(vi) **Photo, Signature** अपलोड होने के पश्चात **"I hereby declare that the photograph & signature are correct and accurate representation of myself" declaration** पर **Tick** कर **Continue** पर क्लिक करें। तत्पश्चात् फॉर्म में भरा गया डाटा स्क्रीन पर दिखाई देगा। फॉर्म में भरे गये विवरण को सावधानी पूर्वक चेक कर लें। गलत भरें गये विवरण को **Back & Edit** के बटन पर क्लिक कर फॉर्म पर वापस जाकर सही किया जा सकता है। वॉछित विवरण सही होने की स्थिति में घोषणा पर **Tick** करनें के पश्चात् **Final Button** पर क्लिक कर, अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें। **Print Application** बटन पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंट प्राप्त कर लें।

**नोटः**(i) **Final Submission** से पूर्व अभ्यर्थी द्वारा आवेदन–पत्र में त्रुटि होने की दशा में **Back & Edit** के बटन पर क्लिक कर फॉर्म में वापस **(Back)** जाकर त्रुटि में संशोधन किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन करते समय आने वाली तकनीकी समस्या **(Technical Issue)** के समाधान हेतु अभ्यर्थी **ukpschelpline@gmail.com** पर ई–मेल कर सकते हैं।

(ii) **Final Submission** के पश्चात् आवेदन–पत्र में भरे गये डाटा में अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकता है। डाटा में संशोधन किये जाने हेतु भविष्य में **Edit Window** नहीं खोली जायेगी।

(iii) अभ्यर्थी द्वारा रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण किये जाने के पश्चात् **मोबाइल नम्बर Edit** नहीं किया जा सकता है।

***2. पूर्व में आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने वाले उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी व उनके आश्रित अभ्यर्थियों हेतु दिशा–निर्देशः–***

(i) दिनांकः 18.10.2024 को प्रकाशित विज्ञापन के क्रम में जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में आवेदन प्रक्रिया पूर्ण की गयी है, ऐसे अभ्यर्थी उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी व उनके आश्रित उपश्रेणी के अंतर्गत् दावा प्रस्तुत किये जाने हेतु आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** या **ukpsc.net.in** पर जायें।

(ii) **तत्पश्चात Login** बटन पर क्लिक कर अपने ई–मेल आई0 डी0 / मोबाईल नंबर एवं पासवर्ड से लॉग इन करेंगे। *लॉग इन करने के पश्चात् उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी व उनके आश्रित उपश्रेणी संबंधी पूछे गये प्रश्न पर **हां** अथवा **ना** का विकल्प चुनने के पश्चात् **सबमिट** बटन पर क्लिक कर आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे।* जो अभ्यर्थी **हां** के विकल्प का चयन नहीं करेंगे उनका उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी व उनके आश्रित उप श्रेणी हेतु दावा मान्य नहीं होगा।

**8.** उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी व उनके आश्रित पात्र अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से दिनांक 06 मार्च, 2025 से दिनांक 12 मार्च, 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी, उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग 'समूह–ग') सेवा (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) परीक्षा–2024 के विषयवार / शाखावार विज्ञापित पदों के सापेक्ष अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं, अधिमानी अर्हताएं तथा अन्य शर्तों हेतु पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 का अवलोकन करना सुनिश्चित करें, जो आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध है। विज्ञापन की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

**Sd/-**
**(गिरधारी सिंह रावत)**
**सचिव।**